दैनिक न्याय साक्षी



संपादकीय

# लालू को सज़ा

देश की राजनीति में भूचाल लाने वाले बहुचर्चित चारा घोटाला के एक अन्य मामले में बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और राष्ट्रीय जनता दल के मुखिया लालू प्रसाद यादव को सीबीआई की विशेष अदालत ने पांच साल कैद की सजा सुनाई है। साथ ही उन पर साठ लाख का जुर्माना भी लगाया है। यह चारा घोटाले का पांचवां मामला था, जिसमें लालू यादव दोषी पाये गये। हालांकि, 15 फरवरी को दोषी ठहराये जाने के बाद खराब स्वास्थ्य का हवाला देते हुए लालू यादव ने अस्पताल में भर्ती होने की अनुमति पा ली थी, जहां से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये वे सुनवाई में शामिल हुए। लालू यादव के वकील उनकी उम्र, स्वास्थ्य व विगत में काटी गई सजा का हवाला देकर कम सजा देने की मांग करते रहे हैं। अब उनके वकील हाईकोर्ट जाने की बात कह रहे हैं। दरअसल, इससे पहले अदालत पंद्रह फरवरी को 38 दोषियों को सजा सुना चुकी थी। साथ ही तीन साल तक की सजा पाने वालों को तुरंत जमानत दे दी गई थी। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2017 में चारा व पशुपालन घोटाले के दूसरे मामलों में सजा मिलने के बाद लालू यादव आठ माह जेल और 31 माह अस्पताल में भर्ती रहे। उल्लेखनीय है कि नब्बे के दशक में इस बहुचर्चित मामले में सीबीआई ने 66 मामले दर्ज किये थे। बिहार से अलग बने झारखंड राज्य में पांच मामले स्थानांतरित कर दिये गये थे, जिनमें चार में लालू यादव पहले ही दोषी पाये गये थे। लेकिन जिस मामले में उन्हें सजा सुनाई गई है, उसमें सबसे अधिक धनराशि का घपला हुआ था। आरोप था कि लालू यादव ने मुख्यमंत्री रहते हुए घोटाले तथा फर्जी बिलों के जरिये अवैध निकासी का पता चलने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की थी। दरअसल, भ्रष्टाचार के इस बड़े मामले के उजागर होने के बाद वर्ष 1996 में डोरंडा थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई थी, जिसके बाद पटना उच्च न्यायालय ने मामले की गंभीरता को देखते हुए सीबीआई जांच को कहा था। दरअसल, यह महज एक चारा घोटाला ही नहीं था। इसका विस्तार कालांतर पशुपालन घोटाले के रूप में हुआ, जब पशुपालन विभाग के अधिकारियों, ठेकेदारों ने राजनीतिक मिलीभगत से फर्जी बिलों के जरिये करोड़ों की रकम की निकासी की। यह घोटाला कई वर्षों तक चलता रहा। राजनेताओं तक हिस्सा पहुंचता रहा, जिसमें कई राजनीतिक दलों के नेता शामिल थे और भ्रष्टाचार के बड़े मामले में खामोश बने रहे। जांच में जब भ्रष्टाचार की परतें खुलने लगीं तो आंच मुख्यमंत्री तक भी पहुंची। बताते हैं कुछ करोड़ से शुरू हुआ घोटाला कालांतर नौ सौ करोड़ तक पहुंचा। मगर कई सालों तक चले घोटाले की राशि का ठीक-ठीक आकलन अभी भी बाकी है क्योंकि धांधलियां बड़े पैमाने पर हुई थीं। इस मामले में पहले न्यायिक सक्रियता, फिर सीबीआई के अधिकरियों के साहस की तारीफ करनी होगी, जिन्होंने सच को सामने लाने का जोखिम उठाया उस लालू यादव के खिलाफ जिनका बिहार में एक छत्र राज था। कोषागार व पशुपालन विभाग के सैकड़ों कर्मचारियों, ठेकेदारों व सप्लायरों के अलावा कई दिग्गज राजनेताओं की गिरफ्तारी आसान काम नहीं थी। कालांतर भ्रष्टाचार के आकार को देखते हुए अदालत के आदेश पर मामले को सीबीआई को सौंपे जाने के बाद इसे तार्किक परिणति तक पहुंचाया जा सका। अन्यथा राज्य के मुख्य लेखा परीक्षक द्वारा समय-समय पर बिहार सरकार को जानकारी देने के बावजूद इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं की गई। कार्रवाई कैसे होती जब हिस्सा राजनेताओं को भी जा रहा था। कालांतर सीबीआई ने पुख्ता प्रमाण हासिल किये कि तत्कालीन मुख्यमंत्री ने मामला संज्ञान में होने तथा वित्त मंत्रालय के प्रभारी होते हुए भी बड़ी धनराशि को जारी करने की अनुमति प्रदान की। निस्संदेह, यह भारतीय इतिहास का बड़ा घोटाला था, जिसमें राजनेता, अधिकारी, कर्मचारी, ठेकेदार व व्यापारियों की मिलीभगत थी। एक अन्य पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. जगन्नाथ मिश्र व अन्य मंत्रियों की गिरफ्तारी इस घोटाले की गंभीरता को दर्शाती रही है। बहरहाल, दिग्गजों की गिरफ्तारी से साबित हुआ है कि कानून के हाथ लंबे भी हैं और प्रभावी भी।

# ग्लोबल मार्केट पर यूक्रेन संकट का प्रेशर, शेयर बाजार में उथल-पुथल जारी



**नईदिल्ली।** यूक्रेन को लेकर रूस और पश्चिमी देशों के बीच खुलकर जंग होने की बढ़ी आशंका के बीच बुधवार को घरेलू शेयर बाजार ने अच्छी शुरुआत की। पिछले 5 दिनों से जारी गिरावट के चलते बाजार को लो लेवल पर सपोर्ट मिल रहा है। इसके चलते सेंसेक्स ने 350 अंक से ज्यादा की बढ़त के साथ कारोबार की शुरुआत की। हालांकि आज भी बाजार पर यूक्रेन संकट का प्रेशर बने रहने की आशंका के चलते उथल-पुथल जारी है।

सेंसेक्स और निफ्टी दोनों प्री-ओपन से ही ग्रीन थे। सेशन ओपन होने के बाद भी बाजार की तेजी बनी रही। हालांकि कुछ ही मिनटों के कारोबार के बाद सेंसेक्स की बढ़त 300 अंक से भी कम हो गई। सुबह 09:20 बजे सेंसेक्स करीब 250 अंक के फायदे में 57,550 अंक के आस-पास कारोबार कर रहा था। एनएसई निफ्टी करीब 90 अंक चढ़कर 17,170 अंक के आस-पास था।

ग्लोबल मार्केट पर यूक्रेन संकट का प्रेशर बना हुआ है। तेजी से बदल रहे घटनाक्रमों और जंग के बने हालातों के चलते इन्वेस्टर्स घबराए हुए हैं। कल डाउ जोन्स इंडस्ट्रियल एवरेज में 600 अंक तक की गिरावट देखने को मिली थी। आज एशियाई बाजार मिक्स्ड ट्रेड कर रहे हैं। दक्षिण कोरिया का कोस्पी और चीन का शंघाई कंपोजिट मामूली तेजी में हैं, जबकि कुछ अन्य प्रमुख एशियाई बाजार गिरे हुए हैं।

इससे पहले मंगलवार को बाजार में भारी उथल-पुथल देखने को मिली थी। शुरुआती कारोबार में करीब 1000 अंक गिरने के बाद अंतत: सेंसेक्स 382.91 अंक (0.66 फीसदी) के नुकसान में 57,300.68 अंक पर बंद हुआ था। इसी तरह एनएसई निफ्टी 114.45 अंक (0.67 फीसदी) के नुकसान के साथ 17,092.20 अंक पर बंद हुआ था। यह बाजार में लगातार पांचवें दिन की गिरावट थी। सोमवार को कारोबार समाप्त होने के बाद सेंसेक्स 149.38 अंक (0.26 फीसदी) गिरकर 57,683.59 अंक पर रहा था। निफ्टी 69.65 अंक (0.40 फीसदी) के घाटे के साथ 17,206.65 अंक पर बंद हुआ था। पिछले सप्ताह 5 में से 4 सेशन में बाजार को नुकसान उठाना पड़ा था।

## तीसरे सप्ताह में निर्यात 26.87 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 9.02 अरब डालर




**नईदिल्ली।** देश से वाणिज्यिक वस्तुओं का निर्यात फरवरी 2022 के तीसरे सप्ताह (15 से 21 फरवरी) के दौरान 9.02 अरब डालर के बराबर रहा। यह 2020-21 की समान अवधि के 7.11 अरब डालर की तुलना में 26.87 प्रतिशत अधिक है।

वाणिज्य विभाग की जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार फरवरी के तीसरे सप्ताह का निर्यात कोविड-19 से पहले के वित्त वर्ष 2019-20 की समान अवधि के 6.83 अरब डालर के निर्यात से 32.00 प्रतिशत अधिक है। विज्ञप्ति के अनुसार इसी अवधि में पेट्रोलियम को छोडक़र अन्य वस्तुओं निर्यात 2020-21 की समान अवधि की तुलना में 17.29 प्रतिशत और 2019-20 की समान अवधि की इसी अवधि की तुलना में 37.47 प्रतिशत अधिक बढ़ा है।

एक फरवरी से 21 फरवरी की तीन सप्ताह की अवधि में वाणिज्यिक निर्यात 25.33 अरब डालर रहा जो 2020-21 की समान अवधि के 20.04 अरब डालर की तुलना में 26.40 प्रतिशत और 2019-20 की समान अवधि के 20.00 अरब डालर के निर्यात की तुलना में 26.66 प्रतिशत अधिक है।

पेट्रोलियम उत्पादों के निर्यात को हटा दें तो इस माह के पहले तीन सप्ताह के निर्यात में 2020-21 की समान अवधि की तुलना में 19.03 प्रतिशत और 2019-20 की समान अवधि में 26.79 प्रतिशत की बढ़त है।

## एफआईएच प्रो लीग के लिए भारतीय टीम की घोषणा, सुखजीत सिंह नया चेहरा



**भुवनेश्वर।** हॉकी इंडिया ने 26 और 27 फरवरी को भुवनेश्वर में स्पेन के खिलाफ होने वाले एफआईएच पुरुष प्रो लीग मैचों के लिए 20 सदस्यीय टीम का ऐलान किया। टीम का नेतृत्व मिडफील्डर मनप्रीत सिंह करेंगे, जबकि हरमनप्रीत सिंह उपकप्तान होंगे। टीम में पंजाब के युवा फॉरवर्ड सुखजीत सिंह नया चेहरा होंगे। इस मौके पर मुख्य कोच ग्राहम रीड ने कहा, हमने स्पेन के खिलाफ खेलने के लिए एक संतुलित समूह चुना है। इसमें स्ट्राइकर सुखजीत सिंह को शामिल किया गया है, जो एक नया चेहरा हैं।उन्होंने पिछले महीने कैंप के दौरान प्रभावित किया था और चयन के बाद से कड़ी मेहनत कर रहे हैं।

## सीतारमण ने वित्तीय नियामकों को सतत सतर्क रहने को कहा

**मंबई।** अर्थव्यवस्था की स्थिरता पर व्यापक दृष्टि रखने और वित्तीय क्षेत्र के विनियामकों के बीच समन्वय के लिए वित्त मंत्री की अध्यक्षता में काम करने वाली एक समति ने देश के अंदर और बाहर की घटनाओं ध्यान में रखते हुए देश की वित्तीय दशा तथा महत्वपूर्ण वित्तीय संस्थानों की कार्यप्रणाली पर सतत सतर्क दृष्टि रखने की आवश्यकता पर बल दिया है।

वित्त मंत्रालय की एक विज्ञप्ति के अनुसार वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में वित्तीय स्थिरता एवं विकास परिषद (एफएसडीसी) की यहां हुई बैठक में कहा गया कि 'विशेष रूप से यह विचार करते हुए सरकार और सभी विनियामकों को वित्तीय दशाओं तथा महत्वपूर्ण वित्तीय संस्थानों की कार्यप्रणाली पर सतत सतर्क दृष्टि रखने की आवश्यकता है क्यों कि इससे मध्य और दीर्घ अवधि में वित्तीय संकट उत्पन्न हो सकता है।

बैठक में वित्तीय क्षेत्र की स्थिति तथा वित्तीय स्थिरता के साथ सर्व-समावेशी आर्थिक वृद्धि के लक्ष्य की प्राप्ति के उपायों पर भी चर्चा की गयी। एफएसडीसी ने विनिमय दर प्रबंध अपने दायित्व के अन्य विषयों पर भी चर्चा की। एफएसडीसी ने रिजर्व बैंक के गवर्नर की अध्यक्षता वाली अपनी उप समिति के कामों और पिछले निर्णयों पर परिषद के सदस्यों की कार्रवाई की भी समीक्षा की।

एफएसडीसी की यह 25वीं बैठक थी। इसमें वित्त मंत्री श्रीमती सीतारमण के अलावा, राज्य मंत्री डॉ. भागवत किशनराव कराड, रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास, वित्त सचिव डॉ टीवी सोमनाथन वित्त मंत्रालय के अन्य विभागों के सचिव, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी सचिव अजय प्रकाश साहनी, कंपनी कार्य मंत्रालय के सचिव राजेश वर्मा, वित्त मंत्रालय के मुख्य आर्थिक सलाहकारी डा वी अनंत नागेश्वरन के अलावा श्री अजय त्यागी ( अध्यक्ष, भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड); सुप्रतिम बंद्योपाध्याय ( अध्यक्ष, पेंशन निधि नियामक और विकास प्राधिकरणऋ; श्री इंजेती श्रीनिवास (अध्यक्ष, अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र प्राधिकरण); श्रीमती टी एल अलामेलु ( सदस्य, भारतीय बीमा और नियामक विकास प्राधिकरण); और वित्त मंत्रालय के आर्थिक मामलों के विभाग में एफएसडीसी के सचिव शामिल थे।

## अहमदाबाद डिफेंडर्स से हारकर कोच्चि ब्लू स्पाइकर्स सेमीफाइनल से बाहर

**हैदराबाद।** अहमदाबाद डिफेंडर्स ने जीएमसी गाचीबावली इंडोर स्टेडियम में खेले गए पावर्ड बाय ए 23 रुपे प्राइम वॉलीबॉल लीग (पीवीएल) के पहले सीजन के 20वें मैच में कोच्चि ब्लू स्पाइकर्स को 3-2 (15-14, 15-14, 11-15, 14-15, 15-10) से हरा दिया। इस हार के साथ ही कोच्चि सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर हो गई। अहमदाबाद के शॉन टी जॉन को प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए और उन्होंने मनोज के साथ अपना अवॉर्ड शेयर किया।

अहमदाबाद की छह मैचों में यह पांचवीं जीत है और टीम अब 10 अंक हो गए हैं। टीम सबसे पहले सेमीफाइनल में जगह बना चुकी है। कोच्चि को पांच मैचों में चौथी हार का सामना करना पड़ा है और वो सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर हो गई है।

कोच्चि की हार के बाद कोलकाता थंडरबोल्ट्स सेमीफाइनल में पहुंचने वाली चौथी टीम बन गई है। कोच्चि ब्लू स्पाइकर्स टॉस जीतकर रिसीव करने के बाद पहले सेट में हाफ टाइम तक एक प्वाइंट से पीछे थी। इसके बाद दोनों टीमें 10-10 की बराबरी पर आ गई और अहमदाबाद ने 15-14 से सेट को अपने नाम कर लिया। अगले सेट में भी अहमदाबाद ने ब्रेक तक एक प्वाइंट की लीड बना ली। डिफेंडर्स ने यहां से बढ़त को कायम रखते हुए 12-12 की बराबरी के बाद 15-14 से लगातार दूसरा सेट जीत लिया। कोच्चि ब्लू स्पाइकर्स ने तीसरे सेट में जोरदार वापसी की और टाइम आउट तक 8-4 की बढ़त बना ली। कोच्चि ने फिर 11-6 की लीड लेने के बाद 15-11 से सेट को जीतकर खुद को मुकाबले में बनाए रखा।

## भारतीय टीम ने इकाना स्टेडियम में किया कड़ा अभ्यास



**लखनऊ।** भारतीय क्रिकेट टीम ने यहां अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम में चार घंटे तक कड़ा अभ्यास किया। कोच राहुल द्रविड़ और कप्तान रोहित शर्मा ने खिलाड़ियों के अभ्यास पर नजदीकी नजर रखी। भारत को इस मैदान पर श्रीलंका से 24 फरवरी को पहला टी 20 मैच खेलना है।

भारतीय खिलाड़ियों ने दोपहर 1 से शाम 5 बजे तक धूप के बीच चार घंटे तक लगातार अभ्यास किया। इस दौरान रोहित शर्मा और ईशान किशन ने सबसे ज्यादा देर तक प्रैक्टिस की। रोहित को जसप्रीत बुमराह और युजवेंद्र चहल ने नेट प्रैक्टिस कराई।

24 फरवरी को होने वाले मैच के लिए दोनों ही टीम लखनऊ पहुंच चुकी है। श्रीलंका टीम जहां पहले दिन दुधिया रोशनी में प्रैक्टिस करेगी। वहीं टीम इंडिया दूसरे दिन 23 फरवरी को दूधिया रोशनी में अभ्यास करेगी, जबकि श्रीलंका की टीम दोपहर एक से शाम पांच बजे तक मैच प्रैक्टिस करेगी।

अभ्यास के दौरान ईशान किशन और रोहित शर्मा ने सबसे ज्यादा छक्के लगाए। दोनों ने ही करीब एक घंटे तक बल्लेबाजी का अभ्यास किया। दोनों ने मिलकर करीब 20 से ज्यादा बार गेंद को स्टेडियम तक पहुंचाया। हालांकि बुमराह की यार्कर खेलने में दोनों ही बल्लेबाजों को परेशानी हुई।

बीसीसीआई के पिच सलाहकार तपोस चटर्जी भी लखनऊ पहुंच गए है। उन्होंने करीब 6 घंटे तक तैयार पिच का मुआयना किया। इकाना में कुल नौ पिच है। इसमें तीन को पूरी तरह से तैयार कर लिया गया है। इसमें दो पिच काली और एक लाल है। जानकारों का कहना है कि मैच काली मिट्टी वाली पिच पर होगा। काली मिट्टी पिच लाल मिट्टी से ज्यादा तेज होगी। ऐसे में बल्लेबाज के अलावा गेंदबाजों को भी फायदा मिलेगा। हालांकि तेज विकेट होने से रन भी ज्यादा बनते हैं।

## तापसी पन्नू ने पूरी की फिल्म वो लड़की है कहां की शूटिंग



तापसी पन्नू मौजूदा दौर की सबसे व्यस्त अभिनेत्रियों में से एक मानी जाती हैं। एक के बाद एक उनकी कई फिल्में लाइन में लगी रहती हैं। पिछले कुछ समय से वह फिल्म वो लडक़ी है कहां की शूटिंग कर रही थीं। अब जानकारी सामने आ रही है कि उन्होंने इस फिल्म की शूटिंग पूरी कर ली है। तापसी के साथ फिल्म में अभिनेता प्रतीक गांधी भी नजर आएंगे। दोनों को पहली बार स्क्रीन शेयर करते हुए देखा जाएगा।

तापसी ने आज इंस्टाग्राम पर बताया कि उन्होंने वो लडक़ी है कहां की शूटिंग पूरी कर ली है। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखा, अब एक और प्रोजेक्ट का रैप हो गया। मैं यह बता नहीं सकती कि यह फिल्म मेरे और मेरी फिल्मोग्राफी के लिए कितनी महत्वपूर्ण थी। साथ ही उन्होंने फिल्म के निर्देशक और लेखक अरशद सैयद को टैग करते हुए लिखा, मुझे हमारी मीटिंग के दौरान आपसे मिला एकमात्र स्थायी निर्देश हमेशा याद रहेगा।

इस फिल्म में तापसी पहली बार पुलिस अवतार में नजर आएंगी। उनके किरदार का नाम एसीपी कोमल शर्मा है। प्रतीक एक पारंपरिक कट्टरवादी सोच के व्यक्ति का रोल करेंगे। तापसी ने खुद बताया कि यह एक कॉमेडी फिल्म है। उन्होंने अपने पोस्ट में आगे लिखा, सालों तक शारीरिक या मानसिक रूप से थका देने वाली फिल्में करने के बाद मैं वो लडक़ी है कहां की टीम के साथ आपको हंसाने के लिए उत्सुक हूं।

## शकुंतलम से सामंथा का फर्स्ट लुक हुआ रिलीज



सामंथा रूथ प्रभु की आगामी पौराणिक कथाओं पर आधारित प्रेम गाथा का फर्स्ट लुक पोस्टर रिलीज हो गया है। सफेद पोशाक पहने समांथा का शकुंतलम से फर्स्ट लुक किसी खूबसूरत पेंटिंग से कम नहीं है। पोस्टर का अनावरण करते हुए, सामंथा ने लिखा, प्रस्तुत है, शकुंतलम से शकुंतला। सामंथा एक चट्टान पर बैठी है, वह मोर, हिरण, हंस और तितलियों से घिरी हुई है।

फस्ट लुक सामंथा के सबसे अच्छे लुक में से एक है, जिससे यह पता चलता है कि वह फिल्म में किस तरह की भूमिका निभाएगी।

कालिदास के लोकप्रिय भारतीय नाटक शकुंतला पर आधारित, यह फिल्म गुनशेखर द्वारा लिखित और निर्देशित है। मलयालम अभिनेता देव मोहन राजा दुष्यंत की भूमिका निभाएंगे, जबकि अल्लू अर्जुन की बेटी अल्लू अरहा राजकुमार भरत की भूमिका निभाएंगी।

## आज का राशिफल

***मेष:*** इस समय के दौरान कुशल वक्ता या सार्वजनिक वक्ता को बहुत यश प्रतिष्ठा मिलेगी। प्रसार माध्यमों से संबंधित प्रवृत्तियां आपके लिए लाभदायी साबित हो सकती हैं। आपकी वाणीचातुर्य और वाकछटा की प्रशंसा होगी और वे आपको नाम और प्रतिष्ठा दिलाएंगे।

***वृषभ:*** आज आप साथ संपर्क में आने वाले लगभग हरेक व्यक्ति के साथ संघर्ष में उतरेंगे। आपके ऐसे व्यवहार से आपके लिए लोगों में चिंता और कड़वाहट की भावना पैदा होगी। मित्रों आदि के मनमुटाव का कारण भी आप बनेंगे। ऐसी परिस्थिति में अधिक बुद्धिमानी से काम लेने की सलाह है।

***मिथुन:*** आपके साथ संपर्क में आनेवाले व्यक्तियों के समक्ष आप अपनी इच्छाएं और भावनाएं व्यक्त कर सकेंगे। वे भी आपकी भावनाओं को समझकर उसका प्रतिसाद देंगे। इसके कारण आपको आनंद होगा। आपका पूरा दिन मौज-मस्ती और खुशी में व्यतीत होगा।

***कर्क :*** आज आपमें तेजी से कायर् करने का उत्साह रहेगा। विविधता जीवन को रंगीन और रोचक बनाते हैं। इसको देखते हुए आप एक व्यवसाय बदलकर दूसरा व्यवसाय पसंद करेंगे।

***सिंह:*** पुराने संबंधों को ताजा करने और नए संबंधों को विकसित करने का दिन है। घर में मित्रों, सगे-संबंधियों का आना-जाना अधिक रहेगा। परिणामस्वरूप घर में आनंद का माहौल रहेगा।

***कन्या:*** आपके प्रिय व्यक्ति के साथ के बिगड़े हुए संबंध सुधारने का आप हृदयपूर्वक प्रयास करेंगे । आपकी आय की अपेक्षा व्यय बढ़ जाने से आपको पर्याप्त धन प्राप्त करने के लिए अधिक परिश्रम करना पड़ेगा। फिजूल खर्च टालने की सलाह है।

***तुला:*** आज आप अधिक शक्तिशाली और बुद्धिमान होंगे। अपना व्यापार-धंधा करने वाले व्यापारियों के लिए व्यापार के संबंध में नई योजनाएं शुरू करने के लिए शुभ दिन है ।

***वृश्चिक:*** यदि किसी के साथ आपके संबंध खराब होंगे, तो उसे सुधारने के लिए आज अनुकूल दिन है। प्रेमीजन अपने प्रिय व्यक्ति के साथ घनिष्ठता अनुभव करेंगे। आज का दिन हर तरह से संतुलित रहेगा।

***धनु :*** मित्रों और परिवारजनों के साथ पार्टी मौजमस्ती और मनोरंजन करने का दिन है । अपने मित्रों के साथ लान्ॅग ड्राइव पर जाना पसंद आएगा। विपरीत लिंगीय मित्रों के साथ बातचीत या मुलाकात होने की संभावना है।

***मकर:*** आपका रसिक मन प्रिय व्यक्ति के पीछे पागल बनेगा और आप उसके समक्ष प्रेम या विवाह का प्रस्ताव रखने का प्रयास करेंगे। आज का दिन बहुत रोमांटिक होने से आप जीवनसाथी के साथ मधुर और प्रेमभरा संबंध बिताएंगे।

***कुंभ:*** ऑफिस में आप अपने कार्य के बारे में विशेष चिंतित रहेंगे। आज का दिन आपको अपनी प्रतिभावों को प्रदर्शित करने का है। आप अपने प्रयासों में सफलता प्राप्त करेंगे।

***मीन:*** अपने प्रतिस्पर्धियों को पराजित करके आप विजय प्राप्त करेंगे। उससे आपके अंदर जोश और उत्साह बढ़ेगा। संक्षेप में कहें तो दैनिक प्रवृत्तियों से छुटकारा पाकर आनंद मनाने का दिन है।

## बनाएं गरमा-गरम 'मूली के पराठे'



मूली के पराठे बनाना मुश्किल तो है लेकिन ये बहुत ही हेल्दी होते हैं। तो अगर आप बच्चों को कुछ हेल्दी खिलाना चाहते हैं तो इस तरह से बनाकर खिलाएं उन्हें मूली का पराठा।

**सामग्री :**

कद्दूकस की हुई मूली- 3 कप, हरी मिर्च बारीक कटी हुई- 2-3, अजवायन- 1 टीस्पून, लाल मिर्च पाउडर- 1 टीस्पून, हरी धनिया की पत्ती- 1/4 कप, हींग- 1 चुटकी, पुदीना बारीक कटा- 2 चम्मच, नमक स्वादानुसार

**आटे के लिए-** आटा- 2 कप, नमक स्वादानुसार, आवश्यकतानुसार पानी, घी तलने के लिए

**विधि :**

एक बाउल में मूली और नमक मिलाकर 15 मिनट के लिए छोड़ दें। 15 मिनट बाद मूली को अच्छे से दबा-दबाकर इसका पूरा पानी निचोड़ लें। निचोड़ने के बाद निकले हुए पानी को फेंकें नहीं। मूली को अलग किसी बर्तन में रख दें। तब तक आटा तैयार कर लें। आटे की सारी सामग्री मिलाकर कुछ देर के लिए छोड़ दें। अब मूली में कटी हुई मिर्च, धनिया पत्ती, पुदीना पत्ती, अजवायन, लाल मिर्च पाउडर और हींग मिक्स करें। सारी चीज़ों को अच्छे से मिक्स करें। पराठा जितना बड़ा और मोटा बनाना है उस हिसाब से लोईयां बना लें। मूली मिक्सचर के भी भरावन के लिए छोटे-छोटे बॉल्स बना लें। लोई को हल्का सा बेलें और बीच में मूली वाले बॉल्स रखें। किनारों से लपेटते हुए लोई को बंद कर दें। अब पराठे को बहुत हल्के हाथों से बेलते हुए तैयार करें। तवे को तब तक गरम होने के लिए रख दें। घी या तेल जो पसंद हो उससे पराठे को सेंक लें। अचार, चटनी और दही के साथ इसे सर्व करें।

## शब्द सामर्थ्य- 359

**बाएं से दाएं :**
1. पानी, नीर, अंबु 2. आना-जाना, आवागमन 5. बहुत, बढ़िया 6. दूर रहने वाला (घटना) जो वर्तमान में न घट सके 8. अबोध, नासमझ, अनाड़ी 10. सब्जी, शाक 11. निशान, उद्देश्य, अनुमान योग्य वस्तु 12. नाखून 13. द्रव पदार्थ 15. सूनसान, जनविहीन स्थान 16. चटकीला, चमकीला, चटपटा, गौरिया 18. भगवान, खुदा 19. इन दिनों, वर्तमान दिनों में 20. अग्नि, पावक 21. अन्नकण, अनाज का टुकड़ा 22. टालमटोल, बहाने बाजी 24. भैया की पत्नी 25. पांच से छोटी एक विषम संख्या 26. हत्या, कत्ल.

**ऊपर से नीचे**
1. दुनिया, संसार, ठोस रूप में परिवर्तित करना 2. चमक, पानी 3. बाजीगर, जादू का खेल दिखाने वाला 4. एक पंजाबी प्रेमगीत, रांझा की प्रेमिका 5. मार-काट, खून-कत्ल 7. भूमि, जमीन, भू-भाग 9. बहुत बड़ा दानी, 10. संगीत के सुरों की संख्या 14. लचीला, लोचयुक्त 17. खिसकना, अपने स्थान से हटना, विचलित होना 19. प्रवेश करना, पधारना, आना 20. धूप-दीप से पूजा 22. इसी समय 23. गुस्सा, कहर.

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | ■ | 2 | | 3 | 4 | ■ | ■ |
| | ■ | 5 | | ■ | 6 | | 7 | ■ |
| 8 | 9 | | ■ | 10 | | ■ | 11 | |
| ■ | 12 | | ■ | 13 | | 14 | ■ | ■ |
| ■ | 15 | | | ■ | ■ | 16 | 17 | |
| ■ | 18 | | ■ | 19 | | | | ■ |
| ■ | ■ | ■ | 20 | | ■ | 21 | | ■ |
| ■ | 22 | | | | | | ■ | 23 |
| 24 | | ■ | 25 | | ■ | ■ | 26 | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 358 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स्वा | द | ■ | सा | म | ना | ■ | कै | दी |
| व | ■ | ख | ल | ना | य | क | ■ | वा |
| लं | प | ट | ■ | ना | क | क | ट | ना |
| बी | ■ | प | ■ | | ■ | ड़ी | ■ | प |
| ■ | अ | ट | प | टा | ■ | ■ | शा | न |
| स | ह | ■ | यो | ■ | ■ | र | ति | ■ |
| ह | म | ■ | द | र | ब | द | र | ■ |
| म | क | र | ■ | सी | ल | ■ | ■ | ■ |
| त | ■ | क्षा | ■ | द | वा | खा | ना | ■ |

## सू-दोकू- 359

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक रख सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.358 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |